प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

दिनांक : 13.04.2045     समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भोपाल में कहा-पैक्स समितियां पेट्रोल पम्प और गैस वितरण का काम भी करेंगी।
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कल महू सहित प्रदेश के कई स्थानों पर कार्यक्रमों का होगा आयोजन।
- प्रदेश में जल गंगा संवधर्न अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- मौसम विभाग ने सतना, उमरिया सहित 5 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का ओरेंज अलर्ट किया जारी।

अमित शाह-भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आजादी के 75 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार देश में सहकारिता मंत्रालय बनाया और तभी से सहकारिता आंदोलन में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। श्री शाह आज भोपाल में राज्यस्तरीय सहकारिता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी राज्य सरकारों ने मॉडल बायलॉज स्वीकार कर सहकारिता क्षेत्र में नई जान डाल दी है। उन्होंने घोषणा की कि पैक्स समितियां अब पेट्रोल पंप चलाएगी और गैस वितरण का काम भी करेगी। श्री शाह ने बताया कि देश में सभी प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ-पैक्स का सौ प्रतिशत रजिस्ट्रेशन और कम्प्यूटरीकरण करने का काम किया गया है। जिसमें मध्य प्रदेश देश में पहले नंबर पर है।

अमित शाह

सहकारिता क्षेत्र के अन्य सुधारों का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि बीज की खेती पहले केवल बड़े किसान ही कर सकते थे, लेकिन अब ढाई एकड़ की जोत वाले किसानों को भी बीज उत्पादन का अवसर प्रदान किया है। बीजों के संरक्षण और संवर्धन का कार्य 'बीज कॉपरेटिव' करेगी। केंद्रीय मंत्री ने

डेयरी क्षेत्र में लक्ष्य के पुन निर्धारण करने पर जोर देते हुए कहा कि कम से कम 50प्रतिशत गाँव में डेयरी पहुंचे और किसानों को इसका फायदा हो।

अमित शाह

सम्मेलन में श्री शाह की मौजूदगी में मध्यप्रदेश दुग्ध संघ और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ;छक्क्ठद्ध के बीच एमओयू भी हुआ। इससे प्रदेश में दुग्ध सहकारी समितियों की संख्या 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार हो जाएगी।

प्रधानमंत्री हरियाणा

अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल हरियाणा के हिसार जाएंगे जहां वे हिसार से आयोध्या के बीच हवाई सेवा की शुरूआत करेंगे। वे हिसार हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखेंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। श्री मोदी यमुनानगर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री यमुनानगर में आठ सौ मेगावाट क्षमता वाले थर्मल बिजली संयंत्र की आधारशिला रखेंगे।

राष्ट्रपति-आंबेडकर जयंती

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डॉ. बी.आर. आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहब ने अपने प्रेरक जीवन में कई कठिनाइयों के बावजूद एक अलग पहचान बनाई और पूरे विश्व में सम्मान अर्जित किया। राष्ट्रपति ने बाबा साहब को अद्भुत योग्यता वाले और बहुमुखी व्यक्तित्व का धनी बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब समान अधिकारों के प्रबल समर्थक थे, जिन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों के आर्थिक और सामाजिक अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया।

प्रदेश-अंबेडकर जंयती

संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के अग्रदूत और महान विचारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जंयती प्रदेश में कल मनाई जाएगी। इंदौर के पास महू में डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की जन्मस्थली स्मारक पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। प्रदेश में आज से ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शुरु हो गया है। केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय द्वारा पूरे देश में आज 'जय भीम पदयात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत भोपाल में शौर्य स्मारक से निकाली जा रही है। खंडवा जिले में कल शोभा यात्रा निकाली

जाएगी। साथ ही खालवा और हरसूद मुख्यालय पर डॉ. भीमरावअबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। बड़वानी में आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएम श्री शहीद भिमा नायक शासकीय महाविद्यालय में सामाजिक संगठनों द्वारा विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। नर्मदापुरम के शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी में आज डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान की शपथ दिलाई गई।

जल संवर्धन

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। देवास में अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिले की जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायतों में तालाब का गहरीकरण सहित अन्य कार्यक्रम हो रहे हैं। शिवपुरी जिले में विकास खंड नरवर की ग्राम सुल्तानपुर और उरवाहा के प्राचीन धार्मिक स्थान खोह वाले हनुमान मंदिर पर सामुदायिक जल चौपाल का आयोजन किया गया। शहडोल जिले में जल स्त्रोत को संरक्षित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 32 बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री - जलियांवाला बाग

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मु ने 1919 में इस दिन स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदान को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उनके बलिदान ने देश के स्वतंत्रता संग्राम को मजबूती प्रदान की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उन अमर शहीदों से प्रेरित होकर सभी देशवासी तन, मन और धन से भारत की प्रगति में अपना योगदान देते रहेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां शहीदों के अदम्य साहस को हमेशा याद रखेंगी। उन्होंने इस घटना को हमारे देश के इतिहास का एक काला अध्याय बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जलियांवाला बाग नरसंहार स्मृति दिवस पर सभी अमर शहीदों को शत-शत नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मानवता को शर्मसार करने वाला यह क्रूर नरसंहार भारतीय स्वतंत्रता अंदोलन का ऐसा अध्याय है, जिसने देशवासियों के हृदय में क्रांति की ज्वाला को और अधिक धधका दिया।

पद्म पुरस्कार

अगले वर्ष के पद्म पुरस्कारों के लिए इस वर्ष 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकेंगे। नामांकन की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरु हुई थी। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर स्वीकार की जाएंगी।

चयनित पद्म पुरस्कार विजेताओं के नाम अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाएंगे।

स्वदेशी संघ मेला

राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेले का आज सम्मेलन के साथ समापन हो गया। अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पोरवाल ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए मेले में देशभर के कलाकारों ने हस्तशिल्प और हथकरघा योजनाओं के अंतर्गत 200 से अधिक स्टॉल्स के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई थी।

मौसम

मौसम विभाग ने सिंगरौली, सतना, उमरिया, कटनी, मैहर जिलों के लिए बारिश और ओलावृष्टि का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा नर्मदापुरम, बैतूल सहित 29 जिलों के लिए तेज हवा और बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच प्रदेश में कई स्थानों पर तेज गर्मी का दौर जारी है। सर्वाधिक तापमान खंडवा में 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर जिले के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि के समाचार हैं। डिंडौरी में आज दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

समाचार संक्षेप में .....

- नई दिल्ली के लाल किला स्थित माधवदास पार्क में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति 'महानाट्य' का आज दूसरा दिन है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज इसमें भाग लेंगे।
- वैशाख माह के पहले दिन आज नर्मदापुरम जिले में बैसाखी का पर्व मनाया जा रहा है। बैसाखी पर्व आज जबलपुर में भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।
- खण्डवा मे मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों में मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

- शहडोल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार 15 साल से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने के लिए नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।
- आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने राजस्थान रॉयल्स को 9 विकेट से हरा दिया। एक अन्य मैच में अब से कुछ देर बाद दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच होगा।

-------